## सार-समाचार

### सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन



**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गुड मॉर्निंग हैप्पीनेस ग्रुप ने वैद्य कॉलोनी स्थित केशव आदर्श विद्या मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इस धार्मिक कार्यक्रम में ग्रुप के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षाविद विष्णु कुमार जिंदल द्वारा सभी सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत करने से हुई। इसके बाद, समूह के सदस्यों ने मिलकर सुंदरकांड का पाठ किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पाठ संपन्न होने के बाद आयोजक परिवार और ग्रुप की ओर से एडवोकेट शिवकुमार शर्मा का तिलक लगाकर, माला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने प्रात:कालीन भ्रमण और व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित योग, व्यायाम और सैर से शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक स्फूर्ति बनी रहती है। वक्ताओं ने आधुनिक जीवनशैली में स्वस्थ रहने के लिए सुबह की सैर को दिनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में दामोदरलाल एडवोकेट, ओमप्रकाश गुप्ता पीएनबी, गिरीराज प्रसाद बैराड़ा, कुंजबिहारी, विनय सरल, गोपाल बैराड़ा, वेदप्रकाश व्याख्याता, सेवानिवृत्त प्राचार्य बाबूलाल, सुरेश, कछियालाल बजाज, गिरीराज प्रसाद, जगदीश गुप्ता, घनश्याम बर्रिया, महेश, सुरेश कुड़गांव, भेरूलाल बरिया, कैलाश बीएसएनएल, अनुराग, भगवानसहाय बजाज, नवल बर्रिया, कैलाशचंद बैंक, मुकेश बजाज, गोविंद तलवाड़ा, राधाकृष्ण मानस मंडल के पदाधिकारी मोहनलाल ठेकेदार, कमलेश बैराड़ा, शिवनारायण रीडर, गिरीश मित्तल, मदनमोहन शर्मा और शिवचरण बामोरी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में, ग्रुप के संरक्षक सुरेशचंद गुप्ता ने आयोजक परिवार और उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सकारात्मकता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देते हैं।

### 21,500 रू की आर्थिक सहायता दी

**भरतपुर,** (निसं)। कोली समाज निर्धन सहायता समूह जिला भरतपुर की बैठक तुलसी राम कोली लेखाकार के निवास जैन मंदिर के सामने भरतपुर पर आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र अध्यापक कवई द्वारा की गई! बैठक मे संस्था द्वारा अब तक किये गये सामाजिक कार्यों पर चर्चा की गई तथा हिसाब किताब का व्योरा राजेंद्र कवई द्वारा दिया गया। बैठक मे राजेश शाक्य सरपंच द्वारा अवगत कराया गया की समाज की बेवा श्यामवती/व स्व. पप्पू राम निवासी सेवर की लड़की की शादी सम्मलेन से 10/02/2026 को होनी है जिसकी पंजीकरण राशि जमा करनी है इनके परिवार की आर्थिक स्तिथि बहुत ही दयनीय है तथा परिवार का पालन पोषण बेवा द्वारा मेहनत मजदूरी कर बडी मुश्किल से किया जा रहा है अत: इसकी लड़की की शादी मे समूह द्वारा आर्थिक मदद की जानी चाहिए। इनके सुझाव पर समूह के सदस्य तुलसी राम कोली लेखाकार ने लड़की की शादी के लिये 21500/-की आर्थिक मदद करने का सुझाव दिया इसपर समूह के सदस्य किशन लाल अध्यापक, बाबू लाल सिकंदरा, चंद्रभान अध्यापक, जगदीश महावर, देवी सिंह अध्यापक, विक्रम सिंह शाक्य, भगवान सिंह,एवं शम्भू दयाल आदि ने सहमति दे दी। जिसकी पालना मे डॉ. रामकिशन, दीप चंद पहरसल, से. नि. प्राचार्य ओ. पी. महावर, उमेश चंद,कमलेश कुमार, लखन कुम्हेर, रामभरोशी, किशोरी लाल शाक्य, लाला राम ,बनवारी लाल, विष्णु चेयरमैन वैर, बाबू लाल शाक्य, देवेंद्र महावर अध्यापक, एवं राम चंद्र सभी ने रु. 1000/-1000/-का सहयोग कर गणपति महावर ककस एवं सभी सदस्य रु. 21500/-एवं लड़की की शादी की एक साड़ी बेवा के सेवर स्थित घर जाकर वहाँ के स्थानीय लोगो के सामने बेवा श्यामवती को बतौर आर्थिक मदद भेंट किये।

### बागेश्वर धाम से आए संन्यासियों का स्वागत

**सूरौठ,** (निसं)। नगर में रविवार को धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव से ओतप्रोत माहौल देखने को मिला, जब बागेश्वर धाम से पधारे सन्यासियों स्वतंत्र दुबे, अजीत तिवारी, उमेश मिश्रा, विनय मिश्रा, उमवेश शुक्ला और सतीश पाण्डे का सूरौठ कमेटी और नगरवासियों की ओर से भव्य स्वागत-सम्मान किया गया।कार्यक्रम का आयोजन यदु लवानिया पेंटर के निज निवास पर किया गया, जहां सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड, भजन संध्या और आरती का आयोजन हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति के स्वर गूंजते रहे और वातावरण जय श्री राम और जय हनुमान के जयघोष से भर गया।सन्यासियों के आगमन पर नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।

# यूनिटी मार्च के माध्यम से सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'मेरा युवा भारत करौली' की ओर से सोमवार को यूनिटी मार्च 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु एक विशाल पदयात्रा का आयोजन राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विधालय मोहन नगर से प्रारंभ हुआ।

पदयात्रा में हजारो युवाओं, आम नागरिकों, छात्र-छात्राओं एवं सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगे झंडों, राष्ट्रभक्ति नारों और अनुशासित कतारबद्ध युवाओं ने पूरे शहर में एक प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण किया। देशभक्ति से ओत-प्रोत यह मार्च ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सन्देश को जन जन तक पहुंचाया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल की चित्र पट पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। पदयात्रा के दौरान शहीद ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र के महापुरुषों को नमन किया गया। कार्यक्रम में एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल, निर्मल महाविद्यालय, अग्रसेन महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय, राजकीय महिला महाविद्यालय के युवाओं, रतनी देवी कॉलेज के युवाओं, एक कदम और संस्थान,अमर शशि बाल ठाह द्वारा सांस्कृतिक लोकगीत एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले युवाओं को माय भारत की ओर से अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया




'मेरा युवा भारत करौली' की ओर से सरदार पटेल यूनिटी मार्च निकाला।

गया।मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जितेन्द्र मीणा उपस्थित रहे।

उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के जीवन, उनके नेतृत्व और भारत की एकता में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। उन्होंने यह भी कहा कि युवा शक्ति यदि सरदार पटेल के आदर्शों पर चले, तो राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। पूर्व मंत्री ने कहा की यूनिटी मार्च, हिण्डौन में हजारों लोगों ने भाग लिया करौली के आमजन के सहयोग से अभूतपूर्व पदयात्रा का आयोजन किया गया माय भारत एवं हिंडौन सिटी के आम जन ने यूनिटी मार्च के माध्यम से देश के लोह पुरुष सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के वरिशष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लेकर आयोजन की गरिमा को बढ़ाया तथा युवाओं को प्रेरणादायक संदेश दिए।पदयात्रा के संयोजक महेंद्र मीना ने स्वदेशी को बढ़ावा देने का सन्देश दिया। वही जिला अध्यक्ष द्वारा ने युवा को नशे से दूर रहने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में अन्य संगठन संभाग प्रभारी हेमराज मीना, संगठन जिला प्रभारी प्रेमप्रकाश शर्मा, जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया,कार्यक्रम जिला संयोजक महेंद्र सिंह मीना ,प्रत्याशी हिंडौन सिटी राजकुमारी जाटव , प्रत्याशी इंदु देवी जाटव, पूर्व विधायक रमेश चंद मीणा,मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, पूर्व पालिका अध्यक्ष अजय मित्तल, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा,मंडल उपाध्यक्ष भूर सिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह गुर्जरप्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मा डागुर, जिला उपाध्यक्ष शिब्बू राम मीणा प्रदेश कार्य समिति सदस्य हेमेंद्र वशिष्ठ, केशव विद्या मंदिर निदेशक ओमप्रकाश गौतम, जिला महामंत्री दिलीप गुप्ता राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य पप्पू रामकोली, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय अध्यक्ष रामदयाल, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा लज्जरामी, जिला उपाध्यक्ष अमित पारीक, नेता प्रतिपक्ष दिनेश चंद, शेर मंडल महामंत्री संपत लाल कोली, पूर्व पार्षद नाहर सिंह राजोरा, प्रवक्ता कप्तान सिंह तोमर,आदि गणमान्य उपस्थित रहे।मंच संचालन अत्यंत प्रभावशाली एवं अनुशासित रूप में शिक्षा विभाग से अनीता मीना द्वारा किया गया।

### पूर्व अध्यक्ष शर्मा का किया सम्मान

**भरतपुर,** (निसं)। ब्राह्मण युवा मंच भरतपुर के संयोजक मनीष तिवारी व लखन शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ समाजसेवी व श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर के पूर्व अध्यक्ष कौशलेश शर्मा का समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए माला पटका व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मनीष तिवारी ने कहा कि कौशलेश शर्मा सतत रूप से समाज सेवा में कार्य कर रहे हैं जो कि बेहद सराहनीय कार्य है। सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जो कि युवाओं के लिए बेहद प्रेरणा का विषय है युवा वर्ग को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए स कौशलेश शर्मा ब्राह्मण समाज के साथ साथ अन्य समाजों के सामाजिक कार्यों में भी अपनी भूमिका निभाते हैं। लखन शर्मा ने कहा कि कौशलेश शर्मा दीर्घायु हो व इसीप्रकार कार्य करते हुए हम सभी को मार्गदर्शन देते रहे।

# कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**सूरौठ,** (निसं)। ब्राह्मण समाज सूरौठ की नवगठित कार्यकारिणी का कार्यक्रम जगर में संपन्न हुआ कार्यक्रम में नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष राम सतीश शर्मा व उनकी कार्यकारिणी ने शपथ ली।

कार्यक्रम में महू , श्रींमहावीर जी, बालघाट टोडाभीम, हिंडौन शहर, अट्ठाईसा, व चौबीसा ब्राह्मण समाज के लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया, कार्यक्रम श्री श्री 1008 श्री हरेन्दानंद जी महाराज धुवघटा के सानिध्य में, मुख्य अतिथि वासुदेव वासुदेव शर्मा हिंडौन, अध्यक्षता गोपाल शर्मा जगर, विशिष्ट अतिथि रमेश चंद शर्मा नादोती, विनोद शर्मा टोडाभीम,वैध शिव दत्त श्री महावीर जी, लक्ष्मी नारायण शर्मा वालघाट, हरिश्चंद्र शर्मा अध्यक्ष चौबीसा, कंपोटर शर्मा अट्ठाइसा रमेश चंद चतुर्वेदी अध्यक्ष परसराम ट्रस्ट, प्रकाश नारायण जटवाडा,महेश चंद शर्मा,राम निवास शर्मा,बाल कृष्ण शर्मा सूरौठ अध्यक्ष रहे। नरेंद्र बाबा,कैलास उपाध्याय ढिंढोरा ,सतीश महंत,सुरेश जोशी रिटायर्ड अध्यापक, गुलाब जोशी,कैलास सहरिया,नरोत्तम रारा, भागीरथ शर्मा ,ललित शर्मा आदि ने पधारे विप्र बंधुओं का तिलक लगाकर व दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत सम्मान किया गया, व प्रकाश चंद्र सहारिया जटवाडा व राधेश्याम शर्मा पाली वालों को संरक्षक, उमेश भारद्वाज शेरपुर कों महामंत्री, वेदप्रकाश शर्मा सूरौठ एवं देवकीनंदन शास्त्री जटवाडा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश खरैटा,महेश सीतापुर, सत्यप्रकाश चतुर्वेदी ढिंढोरा ओमप्रकाश कटारा सोमली, रूपेन्द्र खातीपुरा त्रिलोक वशिष्ठ बाईजट्ट कों उपाध्यक्ष, प्रकाश भारद्वाज ढिंढोरा, नरेंद्र हुक्मीखेडा,बहानंद शर्मा खेडी हैवत, वीरेंद्र शर्मा लहचौडा, बबलू चुरारी, व राकेश शर्मा सोनपाल का पुरा वालों को संगठन महामंत्री के पद नियुक्त किया गया है व इसी क्रम में राजू पंडित विजयपुरा, नरेंद्र शर्मा खेडली, राधामोहन अटकोली, रविशंकर शेरपुर कों संयुक्त मंत्री का कार्यभार सौंपा गया है, भगवान सहाय शर्मा हुक्मीखेडा, भूपेंद्र धुरसी, मनोज शेरपुर, महेश कारबारी, राजू पाली, वासुदेव, मुकट, मनोज ,भूरा , योगेश शर्मा शेरपुर, यादराम शर्मा कार्यकारिणी सदस्य कि शपथ दिलवाई गई, प्रमोद तिवारी, रमेश उपाध्याय व राजगिरीश सहारिया कों मीडिया प्रभारी का पदभार सौंपा गया। मंच का संचालन अशोक सहारिया जटवाडा ने किया।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। पीलोदा थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मृतका के पिता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर की गई, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी की मौत के लिए ससुराल वालों को जिम्मेदार ठहराया था। पीड़ित विश्वंभर दयाल (56) निवासी लालाराम का पुरा, थाना बालघाट, जिला करौली ने दौसा जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री विनीता को ससुराल वालों ने मारकर कुएं में फेंक दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला विभिन्न धाराओं के तहत अपराध प्रमाणित पाया गया, जिसके बाद थाना पीलौदा में मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी राकेश राजौरा और वृत्ताधिकारी सीताराम मीना के सुपरविजन में थानाधिकारी मानसिंह उप निरीक्षक द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है। जांच के दौरान मृतका के पति धर्मेंद्र मीना (30), निवासी बाढरायल की झोपडी, थाना पीलौदा, जिला सवाई माधोपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ और पड़ोसियों से मिली जानकारी के आधार पर धर्मेंद्र मीना के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का अपराध प्रमाणित पाया गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी धर्मेंद्र पुत्र अमृतलाल मीना से आत्महत्या के कारणों और परिस्थितियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है। मामले में अन्य तथ्यों की जांच भी चल रही है।

### महिला घायल

**बयाना,** (निसं)। बयाना कस्बे के सुभाष चौक-मीराना रोड पर एक ओवरलोड ट्रक की लापरवाही से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में समराया निवासी रीना बैरवा (30) पत्नी प्रेमसिंह गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, शिवगंज अनाज मंडी से बोरियां भरकर एक ट्रक मीराना रोड की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक सरस्वती सेवा संस्थान स्कूल के सामने पहुंचा, उसके ऊपर बंधे रस्सों का जाल ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली के तार टूट गए और एक दुकान पर लगा बिजली मीटर उखड़कर नीचे गिर गया। उसी समय सड़क से गुजर रही रीना बैरवा के सिर पर मीटर गिर गया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी।

# मतदाताओं को जागरूक कर भरवा रहे गणना प्रपत्र

**करौली,** (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में समस्त बीएलओ विधानसभा क्षेत्रों विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्य तीव्र गति से कर रहे है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है, मतदाताओं से अपील है कि मतदाता मतगणना परिपत्र को संपूर्ण जानकारी एवं सफेद पृष्ठभूमि वाली पासपोर्ट साईज कलर फोटो चिपका कर बीएलओ को मौके पर ही जमा करावे। जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित ईआरओ, एईआरओ स्वयं फील्ड भ्रमण कर चल रहे अभियान का फीडबैक ले रहे हैं, बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति की निगरानी भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं की मैपिंग बीएलओ द्वारा कर दी जाएगी, उन्हें संपूर्ण एसआईआर प्रक्रिया में किसी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। गणना चरण के दौरान भी किसी मतदाता से दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे। यह पहल न केवल निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएगी, बल्कि लोकतंत्र में एक सजग नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने का अवसर भी प्रदान करेगी। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरकर भी जमा करा सकते हैं। इस संबंध में सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब यानी ईएलसी के जरिए यह सूचना सभी युवाओं तक पहुंचाई जाए कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने के लिए ऑनलाइन माध्यम का उपयोग करने की भी सुविधा दी है। उन्होंने बताया कि मतदाता द्वारा गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरने से संबंधित वीडियो ट्यूटोरियल निर्वाचन विभाग के सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड किए गए हैं।

उन्होंने बीएलओ को सुझाव दिया कि विभिन्न प्रोफेशनल ऑर्गेनाइजेशंस में भी ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने के लिए समन्वय किया जाए। मतदाता केवल खुद अपने लिए ही ऑनलाइन गणना प्रपत्र भर सकता है। इसके लिए मतदाता सूची 2025 और आधार कार्ड का उपयोग करने वाले ई-हस्ताक्षर उपकरण पर मतदाता का नाम बिल्कुल एक जैसा होना चाहिए। इस प्रक्रिया में आगे बढने के लिए मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता पहचान पत्र से लिंक होना जरूरी है। अपना गणना प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने वाले मतदाता को बीएलओ द्वारा दिया जाने वाला फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं है।जिले के वे सभी मतदाता जिनका मिलान देश के किसी भी राज्य के विगत विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची के साथ हो जाता है तो उन्हें इस संपूर्ण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इस तरह से मैपिंग मतदाताओं के लिए एक सुविधा जनित प्रक्रिया है।भारत निर्वाचन आयोग ने आज गणना प्रपत्रों को बीएलओ के द्वारा अपलोड करने सुविधा प्रारंभ कर दी है। मतदाता द्वारा ऑफलाइन भरे गए फॉर्म को बीएलओ अपने ऐप पर अपलोड करेंगे। मतदाता द्वारा ऑनलाइन भरे गए फॉर्म सीधे ही बीएलओ को उनके बीएलओ एप पर दिखेंगे जिन्हें बीएलओ सत्यापित कर अपलोड करेंगे।

# नि:शुल्क जांच शिविर में 469 लोगों की हुई जांच

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। स्वदेशी जागरण मंच ने राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगडी के जन्म दिवस पर स्वदेशी संकल्प दिवस मनाया। इस अवसर पर सोमवार को हायर सेकेंडरी पार्क में एक निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य संयोजक महेश गुप्ता सर्वेयर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दामोदरलाल गर्ग एडवोकेट, विशिष्ट अतिथि सुरेशचंद्र गुप्ता, शिवकुमार शर्मा एडवोकेट, डॉ. कुसुम गुप्ता, महेश गुप्ता और मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। शिविर में कुल 469 लोगों की बीपी, शुगर और वजन सहित अन्य जांचें की गईं। इस निशुल्क जांच शिविर में शिव ओम डायग्नोसिस सेंटर के डायरेक्टर विशाल पाराशर ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम संयोजक अरविंद कुमार गोयल ने जानकारी दी कि राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगडी के जन्म दिवस को स्वदेशी संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए, उपस्थित लोगों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलवाया



गंगापुर सिटी में चिकित्साकर्मी का सम्मान करते मुख्य संयोजक।

गया। नगर संयोजक गोपाल बैराड़ा ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच गंगापुर सिटी क्षेत्र में स्वदेशी, स्वावलंबन, उद्यमिता और सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए स्कूल, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, ताकि स्वदेशी की भावना जन-जन तक पहुंच सके। इस अवसर पर महेश गुप्ता सर्वेयर, गोपाल गर्ग बैराड़ा, अरविंद कुमार गोयल, संतोष कुमार मसावता, सुनील कुमार गर्ग, कल्याण प्रसाद सेन,ओमप्रकाश पीएनबी, विष्णु कुमार, कैलाशचंद मित्तल, भगवानसहाय कंपाउंडर, उत्तम मीणा, घनश्याम शर्मा, विष्णु ग्लोबल एकेडमी, गिर्राज, अशोक कोमल लखवानी, इंदिरा, ज्योति, शांति, रमा गोयल, शिवचरण, महेंद्र, लोकेश, कछियालाल बजाज, लक्ष्मी, दुर्गा प्रसाद, कमलेश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा विवेकानंद ने भगवती पैलेस मैरिज होम, उदेई मोड़ पर दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में परिषद् के सदस्यों ने अपने परिवारों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया और दीपावली पर्व मनाया। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा ने की, जबकि इंश्योरेंस कंपनी के सेवानिवृत अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता विशिष्ट मेहमान के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजेन्द्र सिंघल के निर्देशन में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विनोद खंडेलवाल, विश्वबंधु आर्य, राजेश गुप्ता, स्वाति शर्मा, शाखा सचिव अरविन्द रावत, कोषाध्यक्ष सुनील बंसल, वरुण जैमिनी, राजेन्द्र छीपा, कार्यक्रम संयोजक संजय बंसल, सह संयोजक खेमचंद बंसल, विष्णु गुप्ता, मनोज गुप्ता और ललित मोहन सहित कई सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर शाखा की महिला संयोजिका मंजू गुप्ता के नेतृत्व में महिला शक्ति टीम ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अप्सरा ग्रुप (मंजू गुप्ता, सीमा रावत, प्रियंका सोनी, कृष्ण सिंघल), नखराली ग्रुप (स्वाति शर्मा, गीता हेमनानी, रेखा गुप्ता, सीमा आर्य) और केसरिया ग्रुप (संजना बंसल, सविता बंसल, पूजा बंसल) ने भजनों, राजस्थानी और फिल्मी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सीता-राम-लक्ष्मण झांकी और रंगारंग नृत्य कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहे। सीमा आर्य ने अपने हास्य चुटकुलों से सभी को खूब आनंदित किया।

### स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सवाई माधोपुर पुलिस द्वारा फरार चल रहे स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना वजीरपुर पुलिस ने एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर अनिल बेनीवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी राकेश राजौरा एवं वृत्ताधिकारी गंगापुर सिटी सीताराम मीना के निकटतम सुपरविजन में की गई। थानाधिकारी राजवीर सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने डीएसटी टीम गंगापुर सिटी के सहयोग से स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय (28) पुत्र सूरज, जाति खटीक, निवासी कसाई मोहल्ला, थाना गंगापुर सिटी के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध न्यायालय एडीजे क्रमांक-1 गंगापुर सिटी में लंबित था, जिसमें वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गंगापुर सिटी से दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया गया।गिरफ्तारी टीम में थानाधिकारी वजीरपुर राजवीर सिंह, हैड कॉन्स्टेबल प्यारेलाल, कॉन्स्टेबल वीरेन्द्रसिंह, जितेन्द्र सिंह, राजपाल आदि शामिल थे। थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्तों की धरपकड़ अभियान के तहत आगे भी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

### 160 प्रतिभाओं को दी छात्रवृत्ति

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। कैमरी स्थित जगदीश धाम में सोमवार को जांगिड़ ब्राह्मण समाज का भव्य छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित हुआ। स अवसर पर 160 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को कुल 11 लाख रुपये की छात्रवृत्तियां, शील्ड और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।विश्वकर्मा एजुकेशन ट्रस्ट के प्रधान सुरेश चंद जांगिड़ 'टाइगर' ने बताया कि अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के संरक्षक एवं विश्वकर्मा एजुकेशन ट्रस्ट दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. कांति प्रसाद टाइगर की स्मृति में यह समारोह आयोजित किया गया। इसमें वर्ष 2025 में सीनियर, कॉलेज स्तर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अगली कक्षा में अध्ययनरत छात्रों को यह छात्रवृत्ति दी गई। समारोह में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जांगिड़, कार्यकारी अध्यक्ष लादूराम जांगिड़, प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पंवार, संभाग प्रभारी वेद प्रकाश टोडाभीम, तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष सियाराम जांगिड़, उद्योगपति दिलीप कटारिया, पूर्व जिला प्रमुख सीताराम जांगिड़, उप प्रधान मूलचंद भारतीय, उप प्रधान रामावतार जांगिड़, पूर्व अध्यक्ष पूरन चंद जांगिड़, जिला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गोवर्धनपुरा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक धर्मराज जांगिड़, तहसील अध्यक्ष रमेश चंद, खेमराज, भगवान सहाय कटारिया एवं जगदीश धाम अध्यक्ष घनश्याम खटाना सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

### कलश यात्रा निकाली

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। शहर में श्रीमद भागवत कथा के आयोजन पर विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। पुरानी अनाज मंडी स्थित श्रीसीतारामजी मंदिर से पुरानी चुंगी मैरिज होम तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही शहर में भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हो गया। भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व यजमान परिवार और बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीसीतारामजी मंदिर पर एकत्रित हुए। यहां विद्वान पंडितों ने भगवान ठाकुरजी, श्रीसीतारामजी के साथ-साथ प्रधान कलश, भागवत कथा और यात्रा के ध्वज की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की। इसके बाद बैंडबाजों के साथ कलश यात्रा शुरू हुई। कलश यात्रा में यजमान डॉ. सीताराम गुप्ता भागवत कथा की पोथी लिए हुए थे, जबकि उर्मिला गुप्ता प्रधान कलश लेकर चल रही थीं। कुल 131 महिलाएं कलश लिए मंगल गीत गा रही थीं। उत्साही महिला, पुरुष और युवा-बुजुर्ग भजनों पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे। फूलों से सजे रथ पर कथावाचक आचार्य पीठाधीश्वर अवंतिकापीठ श्रीरामानुज कोट उज्जैन स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज विराजित थे। कलश यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा के पुरानी चुंगी मैरिज होम पहुंचने पर विद्वान पंडितों द्वारा पुन: विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के पहले दिन आचार्य स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज ने कथा के महात्म्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि अच्छे कर्म करने पर ही कथा श्रवण का पुण्य मिलता है।

# 'तंबाकू दुष्प्रभावों को आमजन तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका'

**करौली,** (निसं)। टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 के अंतर्गत मीडिया वर्कशाप का आयोजन एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में किया गया। वर्कशॉप को संबोधित करते हुए सीएमएचओ डॉ जयंतीलाल मीना ने कहा कि देश-प्रदेश में यह कैंपेन चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य आमजन को तंबाकू और तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि आज युवा वर्ग पर तंबाकू की गिरफ्त बढती जा रही है और युवा वर्ग तंबाकू उत्पादों के सेवन से अछूता नही है जिसका स्वास्थ्य पर वितरित प्रभाव हम सब देख सकते है। उन्होंने बताया कि सरकारें तंबाकू के दुष्प्रभावों की जागरूकता के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है इसी के तहत टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 का संचालन किया जा रहा है जो 8 दिसम्बर तक आयोजित होगा। कैम्पेन के अंतर्गत भारत सरकार के द्वारा 6 प्रमुख रणनीतियां तय की गई जिन पर 60 दिवसीय कार्य योजना में कार्य किया जावेगा। तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के संबंध में जन-जागरूकता ,तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान गाइडलाइन की पालना,तम्बाकू मुक्त ठाम,सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 तथा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट प्रतिबंध अधिनियम 2019 के प्रावधानों के अंतर्गत एनफॉर्समेन्ट कार्यवाही ,सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस् जन-जागरूकता तथा तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श एवं एन्फोमेन्ट इत्यादि के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने करौली को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए मीडिया के सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि हम जागरूकता के प्रयास कर रहे हैं आप तंबाकू के दुष्प्रभावों से आमजन को अवगत करावें। उन्होने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय अधिकारियों को कार्यालयों का तंबाकू मुक्त बनाने के लिए सेन्सेटाईज किया गया है, ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए ग्राम सभा में प्रस्ताव लिये जा रहे है। स्कूल प्रोग्राम में माध्यम से तंबाकू मुक्त विद्यालय में 9 इंटीकेटर पर कार्य किया जा रहा है। चिकित्सा संस्थाओं, आंगनबाडी केन्द्रो, वीएचएसएनसी कमेटी और महिला आरोग्य समिति पर तंबाकू सेवन न करने की शपथ का आयोजन एवं चालान प्रक्रिया की जा रही है। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ. ओम प्रकाश महावर, सहायक निदेशक सूचना जनसंपर्क धर्मेंद्र कुमार मीणा,डीपीओ द्वितीय मुकेश कुमार गुप्ता, डीपीसी-आईईसी लखन सिंह लोधा, डीसी बालकृष्ण बंसल और मीडिया कर्मी मौजूद रहे।